GCMS NO. .....

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं. व तारीख अहकाम जो हुक्म की तामील जारी हुए।
08/10/25	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता पार्टी उपस्थित। प्रकरण तहसीलदार शाहपुरा के पेश ए०आर०सी०सी० तहसील की मौका रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। मौका रिपोर्ट में अवगत कराया गया कि पार्टी दिनेश कुमार लोधा ने मौके पर बताया कि पूर्व में उनकी आराजी नम्बर 2447/570 में आने जाने हेतु मौका तथा रिकार्ड में रास्ता नहीं होने से अपने न्यायालय में प्रार्थना पत्र पेश किया था। अब उनके तथा आराजी नम्बर 572 के खातेदारान विपक्षीगण के मध्य आपसी समझौता सहमति के रास्ता संबंधी समझौता हो गया है तथा उन्हें मौके पर वैकल्पिक रास्ता मिल गया है तथा उनके व प्रतिवादीगण के मध्य अब कोई रास्ता संबंधी विवाद नहीं है तथा उन्हें राजस्व रिकार्ड में रास्ता दर्ज नहीं करवाना है इस कारण उनके प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया जावे। इस हेतु उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। पार्टी दिनेश कुमार अपने प्रार्थना पत्र पर आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहता है। प्रकरण का एवं प्रस्तुत मौका रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। प्रस्तुत मौका रिपोर्ट अनुसार पार्टी दिनेश कुमार द्वारा विपक्षीगणों के साथ आपसी समझौता हो जाने से पार्टी एवं प्रकरण में आगे किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं चाहता है। पार्टी एवं प्रकरण के आगे कोई कार्य बाकी नहीं चाहता है ऐसी स्थिति में प्रकरण में आगे कार्यवाही किया जाना संभव नहीं है अतः पार्टी एवं द्वारा प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही नहीं चाहकर खारिज किये जाने का निवेदन किये जाने से पत्रावली की रूह पर खारिज की जाती है। पत्रावली के साथ संलग्न वाद दावा नम्बर के कागजात शामिल / दाखिल दफ्तर हो।	

उपखण्ड अधिकारी
एवं सहायक कलेक्टर